पंजाब केसरी
23-11-2025

गांधी मैमोरियल कॉलेज में 'प्रिंट मीडिया में करियर के अवसर' विषय पर हुआ व्याख्यान

अम्बाला, 22 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में मास कम्युनिकेशन विभाग व अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रिंट मीडिया में करियर के अवसर' विषय पर एक विशेष व्याख्यान एवं संवाद का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रिंट मीडिया में उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस विशेष कार्यक्रम में प्रिंट जगत से जुड़े व्यक्तियों को मुख्य वक्ताओं के रूप में आमंत्रित किया गया।

गांधी मैमोरियल कॉलेज में 'प्रिंट मीडिया में करियर के अवसर' विषय पर आयोजित व्याख्यान में भाग लेते विद्यार्थी। (देवदत्त)

इस कार्यक्रम का संचालन जनसंचार विभाग की सह-प्राध्यापिका सुषमा शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से छात्रों को यह जानकारी प्राप्त करने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी कि वे प्रिंट मीडिया में ग्रेजुएशन के बाद क्या कर सकते हैं और अगर वे इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो उनके लिए क्या संभावनाए मौजूद हैं। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने छात्रों के साथ संवाद किया और उन्हें प्रिंट मीडिया में करियर की संभावनाओं के बारे में बताया।

अंग्रेजी विभाग की सहायक प्रोफैसर एवं कार्यक्रम की सहसंयोजिका महक तलवार ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि मीडिया हमारे समाज का चौथा स्तंभ है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें प्रिंट मीडिया के विशेषज्ञों के अनुभवों को जानने का अवसर प्राप्त हुआ, जो कि काफी ज्ञानवर्धक भी रहा।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां छात्रों को स्नातक के बाद के करियर विकल्पों के बारे में जानकारी देती हैं। उन्होंने कहा कि जी.एम.एन. कालेज सदैव ही अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत रहता है।